MORALE
मनोबल

ऊँचा मनोबल—ऊँची उड़ान

उच्च मनोबल के प्रभाव व फायदे.... पृष्ठ 197

कमजोर मनोबल के कारण क्या हैं?.... पृष्ठ 207

जानवरों में भी मनोबल पाया जाता है।.... पृष्ठ 200

मनोबल को ऊँचा करने के लिए करें क्या?.... पृष्ठ 208

M ORALE

मनोबल
(ऊँचा मनोबल–ऊँची उड़ान)

ऊँचे मनोबल के ऊँचे लोग

गोस्वामी तीर्थराज, जो बाद में स्वामी रामतीर्थ के नाम से प्रसिद्ध हुए, गणित के प्रोफेसर थे। गणित का उनको बहुत ज्ञान था। एक बार एक छोटे ऑपरेशन के लिए—जब डाक्टर के पास गए तब उन्हें बेहोशी की दवा सूँघने को कहा, परंतु उन्होंने इसके लिए साफ इनकार कर दिया। इस पर डाक्टर ने कहा कि बिना बेहोशी के बहुत ज्यादा दर्द होगा, जिसके लिए स्वामीजी सोच लेवें। स्वामी रामतीर्थ का मनोबल बहुत ऊँचा था। उन्होंने डाक्टर साहब से एक कागज और कलम माँगी तथा एक कठिन सवाल शुरू करने से पहले कहा कि डाक्टर साहब, कृपया आप ऑपरेशन शुरू कर देवें।

स्वामी रामतीर्थ ने गणित के कठिन सवालों का हल निकालना शुरू किया। कुछ क्षणों के बाद वो इतने लीन हो गये कि डाक्टर ने आपरेशन के खत्म होने की जानकारी उन्हें दी, तब उनका ध्यान समाप्त हुआ। और, उन्होंने डाक्टर को कहा कि अगर आप मेरा ऑपरेशन नहीं करते तो शायद इस मुश्किल सवाल का हल नहीं निकलता। इसके लिए आपका धन्यवाद। ऐसा ऊँचा मनोबल था स्वामी रामतीर्थ का।

मौत से क्या डरना

नेपोलियन बोनापार्ट से पूछा गया कि अगर लड़ाई के मैदान में आपकी मौत हो गई तो क्या होगा?

इस पर नेपोलियन बोनापार्ट ने जोर से हँसते हुए कहा, 'मैं नहीं जानता कि मौत क्या होती है और मौत किसे कहते हैं? मैंने जिन्दगी की कहानी पढ़ी है—उसमें तो मनोबल से जीने के अलावा कुछ सीखा ही नहीं है, फिर यह मौत क्या होती है? मौत का शब्द तो बुजदिलों की किताब में होता है। मेरी किताब में मौत शब्द मुझे कहीं पढ़ने को नहीं मिला है।'

सुनने वाले भौच्चके हो गए। वे चकित होकर बोनापार्ट का मुँह देखने लगे।

ऊँचा मनोबल ही ऊँची उड़ान है।

—राम बजाज

मनोबल से क्या तात्पर्य है?
What Meant by Morale?

मनोबल का तात्पर्य उस आन्तरिक शक्ति या मन की शक्ति से है जो किसी व्यक्ति को कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

मनोबल को प्रभावित करने वाले तत्त्व कौन-कौन से हैं?
Ingredients of Morale which effects Morale

(1)	Collection of feelings	एहसास
(2)	Sentiments	भावना
(3)	Attitude	नजरिया

जिस प्रकार दुश्मन की शक्ति का कम करके अनुमान नहीं लगाना—उसी प्रकार मनोबल के महत्त्व को कम करके नहीं आंकना चाहिए।

भागो नहीं; मन की शक्ति को पहचानो

—राम बजाज

वह विवाहित था, जवान था, खूबसूरत था, होशियार था। एक दिन उसके दोनों हाथ मशीन में आकर कट गए। डाक्टरों ने बहुत मेहनत करके उसको बचा लिया, परन्तु उसके दोनों हाथ कटने से उसकी जिन्दगी बहुत बड़ा बोझ बन गई। वह कुछ करने के योग्य नहीं रहा।

भाइयों के सहारे कब तक रोटियाँ खाता? इस संसार में कौन किसको खिला सकता है? हर इंसान अपनी दुनिया में मस्त है। वह बेचारा तो अपंग था। उसका मनोबल टूट चुका था।

धीरे-धीरे वह महसूस करने लगा कि अब उसका जीना ही बेकार है। वह अपने-आप पर बोझ बनकर भी कब तक जीवित रहेगा। उसका जीवन उस पर बहुत बोझ है। इस बोझ को उठाना इतना सरल नहीं रहा। अब इस जीवन का लाभ ही क्या है?

यह सोचकर, वह आत्महत्या करने चल पड़ा।

रास्ते में एक जगह लोगों की बहुत-सारी भीड़ देखकर, वहाँ रुक गया।

वहाँ उसने ऐसे व्यक्ति का भाषण सुना जो 'मनुष्य को मनुष्य' बनाने के गुण सिखा रहा था। उसने बतलाया कि 'आत्महत्या' पाप है तथा दुनिया में आए हो तो कुछ करके दिखाओ।

Morale acts with Morale.

—राम बजाज

उसका इस प्रकार उत्साह-भरा भाषण सुनकर उसकी आत्मा में चेतना जाग्रत् हो गई तथा नए मनोबल के साथ उसने परिश्रम करने की ठानी।

उसने भाषण देने वाले व्यक्ति के घर जाकर, उसकी प्रेरणा-भरी पुस्तकें लेकर कमीशन पर बेचना आरम्भ कर दिया। थोड़े दिनों में उसकी आर्थिक स्थिति ठीक हो गई तथा पुस्तकें बेचते-बेचते प्रेरणा-भरी पुस्तकों का प्रकाशक बन गया। उसका यह धन्धा जोरों से चल गया। यहाँ तक कि उसने मकान, प्रेस आदि खरीद लिए। उसका सपना साकार हुआ। यह उसका मनोबल ही तो था।

इस कहानी से हमें सबक मिलता है—

1. इंसान को किसी भी हालत में हिम्मत नहीं हारनी चाहिए तथा मनोबल गिराना नहीं चाहिए।
2. आत्महत्या कायरता की निशानी है।
3. मुसीबत में साहस से काम लेना चाहिए।

आत्मविश्वास का अर्थ है—अपने काम में अटूट श्रद्धा।

—महात्मा गाँधी

*

मनोबल ही मन की शक्ति को जगाता है।

—राम बजाज

*

Confidence reacts with equal return of confidence and the output is confidence.

—राम बजाज

*

सफलता का पहला रहस्य है आत्मविश्वास।

—चाणक्य

मनोबल के कितने रूप हैं?

मनोबल के दो रूप हैं

(1) उच्च मनोबल High Morale

(2) निम्न मनोबल Low Morale

ऊँचा मनोबल रखने वाले व्यक्तियों में आत्मविश्वास, दृढ़ता (Conviction) कूट-कूट कर भरे हुए होते हैं। ऊँचे मनोबल वाले लोग व्यवहारकुशल और अनुशासित होते हैं। वे अपना हर कार्य समय पर करते हैं। उनके सम्बन्ध बहुत अच्छे होते हैं। उनके काम करने और रिस्क (Risk) लेने की क्षमता बहुत अधिक होती है। ऐसे लोग आसानी से चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।